**SET- I**

**वार्षिक परीक्षा 2019**

**वर्ग – नवम**

**विषय– हिन्दी 'ए'**

समय – 3 घंटे | पूर्णांक : 80

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर खण्ड– अ (प्रश्न सं0 01 से 10 तक**

I निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनेः

भारत वर्ष बहुत पुराना देश है। उसकी सभ्यता और संस्कृति भी बहुत पुरानी है। भारतवासियों को अपनी सभ्यता और संस्कृति पर बड़ा गर्व है। वैज्ञानिक आविष्कारों द्वारा प्राप्त नए साधनों को अपनाते हुए भी जब अनेक अन्य देशवासी अपने पुराने रहन–सहन और रीति–रिवाज को बदलकर नए तरीके से जीवन बिताने लगे तब भी भारतवासी अपनी पुरानी सभ्यता और संस्कृति पर डटे रहे और बहुत काल तक यह देश ऋषि–मुनियों का देश ही कहलाता रहा। विश्व के मानव–जीवन के उस नए दौर का असर पूर्ण रूप से भारतवासियों पर पड़ा नहीं।

हवाई जहाज की सैर की सुविधा के मिलने के बाद भी पैदल की जाने वाली तीर्थ यात्राएँ होती ही रही। पाँच नक्षत्रवाले होटलों में 'शावरबाथ' की सुविधाओं के होते हुए भी गंगा–स्नान और संध्या–वंदन का दौर चलता ही रहा। कारण यह है कि जब जीवन में उन्नति के लिए अन्य देशवासी नए आविष्कारों और उनके द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं के पीछे भाग रहे थे, तब भी भारतवासियों को अपने रीति–रिवाज और रहन–सहन पर पूरा विश्वास था।

1 भारतवर्ष कैसा देश है ?

(a) पुराना (b) नया

(c) बहुत पुराना (d) बहुत नया।

2 कौन देश ऋषि–मुनियों का देश कहलाता रहा ?

(a) लंका (b) भारत

(c) चीन (d) नेपाल।

3 'शावरबाथ' का क्या अर्थ होता है ?

(a) खुला स्नान (b) नदी स्नान

(c) समुद्र स्नान (d) झरना स्नान।

4 भारतवासी किस पर डटे रहे ?

(a) पुरानी सभ्यता–संस्कृति पर (b) नयी सभ्यता–संस्कृति पर

(c) आधुनिक सभ्यता–संस्कृति पर (d) तकनीकी सभ्यता–संस्कृति पर।

5 हवाई जहाज की सैर की सुविधा मिलने के बाद भी तीर्थ–यात्राएँ किस प्रकार होती रही है ?

(a) पैदल चलकर (b) घोड़े पर सवार होकर

(c) पालकी पर चढ़कर (d) कार द्वारा।

II निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनें :

हम जिस तरह भोजन करते हैं, गाछ–बिरछ भी उसी तरह भोजन

करते है। हमारे दाँत हैं, कठोर चीज खा सकते हैं। नन्हें बच्चों के दाँत नहीं होते, वे केवल दूध पी सकते हैं। गाछ–बिरछ के भी दाँत नहीं होते, इसलिए वे केवल तरह द्रव्य या वायु से भोजन ग्रहण करते हैं। गाछ–बिरछ जड़ के द्वारा माटी से रसपान करते है। चीनी में पानी डालने पर चीनी गल जाती है। माटी में पानी डालने पर उसके भीतर बहुत–से द्रव्य गल जाते हैं। गाछ–बिरछ वे ही तमाम द्रव्य सोखते हैं। जड़ों को पानी न मिलने पर पेड़ का भोजन बंद हो जाता है, पेड़ मर जाता है।

खुर्दबीन से अत्यंत सूक्ष्म पदार्थ स्पष्टतया देखे जा सकते हैं। पेड़ की डाल अथवा जड़ का उस यंत्र द्वारा परीक्षण करके देखा जा सकता है कि पेड़ में हजारो–हजार नल हैं। इन्हीं सब नलों के द्वारा माटी से पेड़ के शरीर में रस का संचार होता है।

6 'गाछ–बिरछ' का क्या अर्थ होता है?

(a) घास पात (b) फल–फूल
(c) पेड़–पौधे (d) मिट्टी–पानी।

7 'गाछ–बिरछ' के क्या नहीं होते?

(a) पत्ते (b) दाँत
(c) फूल (d) फल।

8 'गाछ–बिरछ' किस के द्वारा माटी से रसपान करते हैं?

(a) जड़ के द्वारा (b) तना के द्वारा
(c) टहनी के द्वारा (d) पत्तों के द्वारा।

9 पेड़ कब मर जाता है?

(a) खाद न मिलने पर (b) पानी न मिलने पर
(c) मिट्टी न मिलने पर (d) दवा न मिलने पर।

10 पेड़ के शरीर में रस का संचार किस से होता है?

(a) तना से (b) पत्तों से
(c) माटी से (d) फूल से।

**खण्ड – ब (प्रश्न सं0 11–25 तक )**

III नीचे दिए गए पत्र लेखन के रिक्त स्थान को सही विकल्प द्वारा भरेंः

मेरे प्रिय मित्र,

नमस्कार!

तुम्हारा....(11)..... मिला। खुशी हुई। तुम वाद, विवाद......(12)..... में प्रथम आए हो। मैं...... (13)..... नहीं सकता कि कितना खुश हूँ। तुम इसी तरह मन लगाकर पढ़ाई के साथ–साथ विद्यालय के अन्य......(14)..... में भाग लेते रहो। इससे तुम्हें.....(15).....फायदा होगा। अब पत्रांत करता हूँ।

तुम्हार अभिन्न मित्र

अनुराग

11 (a) दोस्त (b) भाई (c) पत्र (d) सामान।
12 (a) कार्य कलाप (b) प्रतियोगिता (c) हँसी–खुशी (d) संदेश।
13 (a) बोल (b) कह (c) पता (d) बात।
14 (a) क्रिया कलाप (b) काम–काज (c) काम (d) नाम।
15 (a) कम (b) थोड़ा (c) बहुत (d) नहीं।

IV निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुने : (प्रश्न सं०16 से 25 तक)

16 'विद्वान्' का स्त्रीलिंग रूप होगा?

(a) विद्वानी (b) विद्वानि

(c) विदुषी (d) विदुषि।

17 'एक' का बहुवचन होगा?

(a) अनेक (b) अनेकों

(c) अनेका (d) एको।

18 इनमें से संख्यावाचक विशेषण कौन हैं?

(a) सफेद घोड़ा (b) लाल फूल

(c) चार आदमी (d) अच्छी चाय।

19 रचना की दृष्टि से वाक्य के भेद होते हैं?

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पाँच।

20 इनमें से 'आँख' का पर्यायवाची कौन नहीं होता है?

(a) नयन (b) लोचन

(c) नासिका (d) चक्षु।

21 'ने' चिह्न का प्रयोग किस कारक में होता है?

(a) कर्त्ता (b) कर्म

(c) करण (d) सम्प्रदान

22 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है?

(a) कमर को कस देना (b) कमर को ढीला करना

(c) तैयार होना (d) कमर सीधा रखना।

23 गालियाँ तो ...................... बच्चे देते हैं।

(a) अच्छे (b) सच्चे

(c) गंदे (d) सभ्य।

24 वह घर गया और काम में लग गया। यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) उप वाक्य

25 'आदर' का सही विलोम क्या होगा?

(a) सादर (b) निरादर

(c) समादर (d) कादर

IV **पाठ्य-पुस्तकें**

नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुने :

(प्रश्न संख्या 26 से 40 तक)

26 'दो बैलों की कथा' में दोनों बैलों का नाम है –

(a) सोना-चाँदी (b) हीरा-मोती

(c) जय-विजय (d) नीलम-पुखराज।

27 'ल्हासा की ओर' पाठ के लेखक का नाम है–

(a) श्यामाचरण दुबे (b) जाकिर हुसैन

(c) राहुल सांकृत्यायन (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी।

28 'मेरे बचपन के दिन' किस प्रकार का पाठ है?

(a) कहानी (b) निबंध

(c) यात्रा–वृत्रांत (d) संस्मरण।

29 'विलासिता की सामग्रियों से बाजार भरा पड़ा है' – यह पंक्ति किस पाठ की है?

(a) ल्हासा की ओर (b) साँवले सपनों की याद

(c) प्रेमचन्द्र के फटे जूते (d) उपभोक्तावाद की संस्कृति।

30 इनमें से हास्य–व्यंग्य के रचनाकार कौन हैं?

(a) प्रेमचन्द (b) हरिशंकर परसाई

(c) चपला देवी (d) महादेवी वर्मा।

31 किसको 'सब स्वाँसों की स्वाँस में' कहा गया है?

(a) मनुष्य को (b) असुर को

(c) ईश्वर को (d) पशु को।

32 कवि रसरवान किनकी भक्ति में लीन रहते थे?

(a) राम (b) कृष्ण

(c) शिव (d) ब्रह्म।

33 कवि माखनलाल चतुर्वेदी जेल में कैसे हैं?

(a) प्रसन्न (b) खुश

(c) उदास (d) हताश।

34 'ग्राम श्री' कविता में किस ऋतु का वर्णन हुआ है?

(a) ग्रीष्म ऋतु (b) वर्षा ऋतु

(c) शरद ऋतु (d) शिशिर ऋतु।

35 'हरा ठिगना चना' का वर्णन किस कविता में हुआ है?

(a) ग्राम श्री (b) चंद्र गहना से लौटती बेर

(c) मेघ आए (d) बच्चे काम पर जा रहे हैं।

36 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के लेखक का नाम है?

(a) फणीश्वरनाथ रेणु (b) जगदीश चंद्र माथुर

(c) विद्यासागर नौटियाल (d) शमशेर बहादुर सिंह।

37 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा जाता है?

(a) पानी को (b) नदी को

(c) तालाब को (d) बाढ़ को।

38 'माटी वाली' कहानी में किस समस्या पर प्रकाश डाला गया है?

(a) बेरोजगारी (b) भ्रष्टाचार

(c) विस्थापन (d) आवासन।

39 'रीढ़ की हड्डी' पाठ में विवाहयोग्य कन्या का नाम है –

(a) उमा (b) रमा

(c) कोमा (d) क्षमा।

40 'इस जल प्रलय में' पाठ में किस शहर में आयी बाढ़ का वर्णन किया गया है?

(a) पटना (b) छपरा

(c) हाजीपुर (d) दरभंगा।

## उत्तरमाला
## वर्ग– नवम
## विषय – हिन्दी 'ए'
## सेट– I

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | c | 21. | a |
| 2. | b | 22. | c |
| 3. | d | 23. | c |
| 4. | a | 24. | c |
| 5. | a | 25. | b |
| 6. | c | 26. | b |
| 7. | b | 27. | c |
| 8. | a | 28. | d |
| 9. | b | 29. | d |
| 10. | c | 30. | b |
| 11. | c | 31. | c |
| 12. | b | 32. | b |
| 13. | b | 33. | c |
| 14. | a | 34. | d |
| 15. | c | 35. | b |
| 16. | c | 36. | b |
| 17. | a | 37. | d |
| 18. | c | 38. | c |
| 19. | b | 39. | a |
| 20. | c | 40. | a |